नईदुनिया

MP News: टीकमगढ़ में 100 और 200 रुपए के नकली नोट छापने वाला गिरोह पकड़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, टीकमगढ़। पुलिस ने 100 और 200 रुपये के नकली नोट छापने वाले गिरोह के तीन आरोपितों को पकड़ा है, जो कलर प्रिंटर से नोट छापकर बाजार में खपाते थे। गिरोह से 22,100 रुपये के नकली नोट के साथ कलर प्रिंटर भी जब्त किया है। आरोपितों के अनुसार दुकानदार 100 और 200 रुपये के नोट को बारीकी से नहीं देखते हैं, इसलिए उन्होंने कियोस्क सेंटर पर ये नोट छापने शुरू किए।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/tikamgarh-mp-news-gang-printing-fake-notes-of-rs-100-and-200-caught-in-tikamgarh-8312314